सियालदह-सीतामढ़ी-सियालदह स्पेशल ट्रेन

आगामी छठ पर्व के दौरान यात्रियों को अतिरिक्त सीट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 03143/03144 सियालदह–सीतामढ़ी–सियालदह स्पेशल ट्रेन का परिचालन निम्नलिखित समय सारणी, ठहराव, परिचालन तिथियों एवं कोच संरचना के अनुसार किया जाएगा।

सियालदह–सीतामढ़ी (03143)			(03144) सीतामढ़ी – सियालदह		
दिन	आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान	दिन
बुधवार		23:50	↓ सियालदह	12:25		
	01:50	01:52	बर्द्धमान	08:56	08:58	
	03:53	03:56	आसनसोल	06:45	06:50	गुरुवार
	04:19	04:50	मधुपुर	04:06	04:09	
	11:25	11:30	समस्तीपुर	21:05	21:10	
	12:10	12:15	दरभंगा	19:15	19:20	शुक्रवार
	15:30	—	सीतामढ़ी ↑	—	17:00	

उपर्युक्त विशेष ट्रेनें रास्ते में दोनों दिशाओं में नैहाटी, बैण्डेल, दुर्गापुर, चितरंजन, जसीडीह, झाझा, किऊल, बरौनी, दलसिंहसराय, समस्तीपुर और जनकपुर रोड स्टेशनों पर भी रुकेंगी। ● चलने की तारीखें और दिन: सियालदह से: 03143, 11.11 और 18.11.2026 (बुधवार) को = 02 फेरे; और सीतामढ़ी से: 03144, 12.11 और 19.11.2026 (गुरुवार) को = 02 फेरे। ● संरचना: एसी 3-टियर: 04, स्लीपर क्लास: 10, जनरल सेकंड क्लास (जीएस): 06, SLRD: 02 – कुल 22 कोच। ● श्रेणी: मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
पूर्व रेलवे
हमें फॉलो करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

राज्यपाल और मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर एनडीए ने की बैठक

सिग्रीवाल बोले- बनियापुर और मांझी के कार्यक्रम होंगे ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व



छपरा (आससे)। बिहार के राज्यपाल के छह नवंबर को बनियापुर तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के 12 नवंबर को मांझी आगमन को लेकर छपरा परिसदन में एनडीए गठबंधन की संयुक्त तैयारी बैठक हुई।

महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के नेतृत्व में आयोजित बैठक में एनडीए के जिला अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रमों की सफलता पर चर्चा की। सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि छह नवंबर को सुबह 10 बजे बनियापुर प्रखंड कार्यालय के बगल में नवनिर्मित खेल भवन का उद्घाटन महामहिम राज्यपाल करेंगे। वहीं, 12 नवंबर को मांझी के रामघाट पर नवनिर्मित अटल घाट एवं अटल जी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। इसके बाद दलन सिंह उच्च विद्यालय में सुबह 10 बजे सभा आयोजित होगी। उन्होंने दोनों कार्यक्रमों को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से जुटने की अपील की। भाजपा जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह, पश्चिमी जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी, जदयू जिलाध्यक्ष बैजनाथ सिंह विकल, आरएलएम जिलाध्यक्ष अशोक कुशवाहा एवं हम पार्टी जिलाध्यक्ष उज्ज्वल श्रीवास्तव ने कहा कि जिला पदाधिकारियों और प्रखंड अध्यक्षों के साथ तैयारी बैठकें शुरू की जाएंगी।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष रामदयाल शर्मा, जदयू महासचिव इं. प्रभात शंकर, अवध किशोर मिश्रा, महामंत्री विवेक कुमार सिंह, चैत्येंद्र नाथ सिंह, गुड्डू चौधरी, अजीत कुमार सिंह, धीरज सिंह, संजय सिंह, बलवंत सिंह, अखिलेश जी, भोला जी, राकेश सिंह, राकेश साह, हरेंद्र सिंह, उमा सिंह और धर्मेंद्र समाज सहित बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।



एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

छपरा। सारण जिले की बनियापुर थाना पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चार एटीएम कार्ड और एक मोबाइल बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, 28 अक्टूबर को पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से रुपये निकालने गई एक महिला का कार्ड बदलकर ठगी की गई थी। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र निवासी विकास कुमार के रूप में हुई है।

पूर्व मध्य रेल

ई. नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेलवे, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्नलिखित पार्किंग स्टैंडों के संचालन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण निम्नवत् है:–(1) **AA/1 कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि:** डेहरी–ऑन–सोन रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में स्थित दो पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या:** COM-PARK-2W-DOS **ई–नीलामी लॉट संख्या:** PARKING-DDU-DOS-TW-7-26-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 10.11.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। (2)**वेबसाइट का पता, जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है :** www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1215/डीडीयू/सीओएमएल/ईएन/26–27/24

सांसद ने किया तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का समापन

छपरा (आससे)। भारत स्काउट और गाइड, सारण के तत्वावधान में सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने शिविर में भाग लेने वाले स्काउट एवं गाइड कैडेटों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में सारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 250 स्काउट एवं गाइड कैडेटों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

ताप्ती गंगा एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर महाधरना, विधायक ने दिया समर्थन

मढ़ौरा (ससु)। मढ़ौरा रेलवे स्टेशन पर ताप्ती गंगा एक्सप्रेस के ठहराव समेत विभिन्न रेल समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर गुरुवार को दैनिक रेल यात्री संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय महाधरना आयोजित किया गया। इसमें युवा, बुजुर्ग समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। विधायक सह पूर्व मंत्री जितेंद्र राय ने धरनास्थल पर पहुंचकर मांगों का समर्थन किया। विधायक ने कहा कि मढ़ौरा के यात्रियों को लंबी दूरी की ट्रेन पकड़ने के लिए छपरा जाना पड़ता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मांग को रेल मंत्री तक पहुंचाया जाएगा और बिहार विधान सभा के आगामी सत्र में भी इस मुद्दे को उठाने का प्रयास करेंगे। धरना के बाद स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें ताप्ती गंगा एक्सप्रेस समेत



लंबी दूरी की ट्रेनों का ठहराव, पकहां के यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ओवरब्रिज, शिल्हौड़ी ढाला पर अंडरपास निर्माण तथा मढ़ौरा स्टेशन का सौंदर्यीकरण कराने की मांग की गई। विधायक ने कहा कि मढ़ौरा में रेल इंजन कारखाना, पॉलिटेक्निक कॉलेज, मॉडल आईटीआई, अनुमंडलीय अस्पताल और ऐतिहासिक मंदिर जैसे महत्वपूर्ण स्थल हैं। ऐसे में यहां बेहतर रेल सुविधाएं जरूरी हैं। रेल यात्री संघ ने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। धरना में संघ के अध्यक्ष रामबाबू सिंह, भूपेश भीम, बीरेन्द्र राय, हरेंद्र राय, रवि रंजन राय, आलोक राय, रणवीर चौबे, राकेश कुमार राय समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे प्रशासन मुस्तैद रहा।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

गेरे सगक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोगी **दीपक**, पुत्र गहेश कुमार, पता: गांव मोनेखाप, जिला मुजफ्फरपुर, बिहार **Case Reg No. 2552/19, FIR No: 94/19, U/s: 379/411/427 IPC,** थाना **सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या राहेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक**, मिल नहीं रहा है और मुझे सामान्यतया रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक**, फरार हो गया है (या उसने वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **दीपक, Case Reg No. 2552/19, FIR No: 94/19, U/s: 379/411/427 IPC,** थाना: सुभाष प्लेस, दिल्ली से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या गेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
उपासना सतीपा
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, उत्तर–पश्चिम जिला
कमरा नंबर 108
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15544/NWI/2026
(Court Matter)

सांसद की पहल से कुतुबपुर दियारा में गंगा कटावरोधी कार्य शुरू

छपरा। सारण जिले के छपरा सदर प्रखंड अंतर्गत कोटवा पट्टी रामपुर पंचायत के कुतुबपुर दियारा, दयालचक, सबलपुर, सूरतपुर एवं आसपास के गांवों में गंगा नदी के भीषण कटाव से गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। नदी के कटाव के कारण ग्रामीणों के घरों और कृषि भूमि के गंगा में समा जाने का खतरा बढ़ गया है, जिससे स्थानीय निवासियों में भय और चिंता का माहौल है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने त्वरित पहल करते हुए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को तत्काल कटावरोधी कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया, जिसके परिणामस्वरूप लगभग एक घंटे के भीतर बचाव कार्य प्रारंभ हो गया। सुबह-सुबह स्थानीय ग्रामीणों हरेश सिंह, भुअर सिंह, बबलू सिंह, लोकनाथ सिंह, बीडीओ सिंह, विनोद सिंह और भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह आदी ने सांसद कंट्रोल रूम को सूचना दी और तत्पश्चात इस गंभीर समस्या से सांसद को अवगत कराया था। ग्रामीणों की चिंताओं और संभावित नुकसान की गंभीरता को समझते हुए सांसद ने तत्काल जल संसाधन विभाग के सदर एसडीओ नितेश कुमार, जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियन्ता राजेश रंजन, सहायक अभियन्ता धर्मेन्द्र कुमार, कनीय अभियन्ता विश्वजीत कुमार से दूरभाष पर बात की और प्रभावित क्षेत्रों में अविलंब कटावरोधी कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया। सांसद की त्वरित पहल से कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों को तत्काल राहत की उम्मीद जगी है। कटावरोधी कार्य प्रारंभ होने के बाद सांसद राजीव प्रताप रूडी ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी से दूरभाष पर बातचीत कर इस समस्या के स्थायी समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने मंत्री को इस संबंध में पत्र लिखकर प्रभावित क्षेत्रों की गंभीर स्थिति से अवगत कराया और अविलंब स्थल निरीक्षण कराने के साथ प्रभावी एवं स्थायी बचाव कार्य शुरू कराने का आग्रह किया। सांसद ने कहा कि गंगा नदी का कटाव केवल भूमि के क्षरण का विषय नहीं है, बल्कि इससे ग्रामीणों के आवास, कृषि भूमि, आजीविका और सुरक्षा पर सीधा संकट उत्पन्न हो गया है।

बाल सुधार गृह में बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का निर्देश

छपरा। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने गुरुवार को समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित पर्यवेक्षण गृह सह बाल सुधार गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवासित बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और न्यायिक प्रक्रिया से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बच्चों की शैक्षणिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योग्य शिक्षकों का चयन कर सेक्शनवार एवं विषयवार रोस्टर तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अलग-अलग वर्गों के बच्चों के लिए नियमित कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि उनकी शिक्षा और सर्वांगीण विकास प्रभावित न हो। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की नियमित निगरानी करने को कहा। इससे गृह परिसर में होने वाली गतिविधियों पर प्रभावी नजर रखी जा सकेगी और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/महेन्द्रूघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई–निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं

ई–निविदा संख्या: एस एण्ड टी–सी–155 आर
कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल में सीतामढ़ी, रिगा, रक्सौल और नरकटियागंज स्टेशनों पर वितरित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (इनडोर और आउटडोर) (एक सेंट्रलाइज्ड + दो एंड केबिन) का डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग, साथ ही टेलीकॉम का काम।, **अनुमानित लागत :** रू. 82,28,85,040.01, **अमानत राशि :** रू. 1,64,57,700.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **कार्य निष्पादित करने का समय :** 36 महीने, **ई निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय :** 19.11.2026 को 13.00 बजे तक। विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखने के लिए उपलब्ध है।

उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/उत्तर
पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/1205/सीएन/एन/एमएचएक्स/एस एण्ड टी/टी/26–27/32


पूर्व मध्य रेल

ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) सूचना

निविदा आमंत्रित सूचना संख्या ईएल/50/दानापुर/खुली/26/2026–27
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाइसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन ई – निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर /खुली /26/2026–27. क्रम सं० 1 कार्य का नाम :** पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा में अधिकारियों के फ्लैट (ब्लॉक–A और B G+7 इमारत), ब्लॉक–C (G+5 इमारत) PHOD के 15 बंगलो, GM का बंगला, स्पोर्ट्स क्लब, अस्पताल की इमारत, ORH, ऑफिसर्स क्लब और अन्य क्षेत्रों में मौजूद सभी प्रकार की विद्युत संपत्तियों की मरम्मत रखरखाव और उनके संचालन (मैनिंग) का कार्य 03 वर्षों के लिए किया जाना है। **क्रम सं० 2 अनुमानित लागत :** रू. 2,81,17,763.05/–, **क्रम सं० 3 अग्रधन राशि :** रू. 5,62,400/–, **क्रम सं० 4 निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** 18.11.2026 को 12.00 बजे तक निर्धारित है। **क्रम सं० 5** उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय : क्रिस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा०/का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर। **नोट : (1)** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। **(2)** यदि जरुरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०),
पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/1206/डीएनआर/वि./टी/26–27/52





GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (UGMAC)-2026 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H./ B.F.Sc. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges / College of Fisheries and Private Medical / Dental Colleges of Bihar

Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/17 Dated 28.10.2026

Notice regarding Extended Online Counselling Programme for Stray Vacancy Round

In continuation to Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2026/16 dated 22.10.2026, it is informed to all eligible & interested NEET(UG)-2026 qualified candidates and all concerned that Provisional Seat Allotment Result for Stray Vacancy Round Counselling of UGMAC-2026 has been published on Board's website.

The counselling programme for Stray Vacancy Round Counselling is hereby Re-scheduled as follows;

Sl.	Programme	Re-scheduled Date
i.	**Stray Vacancy Round Provisional Seat Allotment Result publication date**	**: 28.10.2026**
ii.	Downloading of Allotment order	**: 28.10.2026 to 31.10.2026**
iii.	**Documents Verification and Admission (Stray Vacancy Round)**	**: 29.10.2026 to 31.10.2026**

2. Rest of the terms / conditions of Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/14 Dated 18.10.2026 and 2026/16 dated 22.10.2026 will remain the same.

Controller of Examination